# ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय

कामेश्वरनगर, दरभंगा–846004

पत्रांकः छा० क०–103/23 दिनांक 02/07/2023

सेवा में,

प्रधानाचार्य,

सभी अंगीभूत एवं संबद्ध महाविद्यालय,

ल० ना० मिथिला विश्वविद्यालय, दरभंगा।

**विषयः– चार वर्षीय स्नातक प्रथम सेमेस्टर कला, विज्ञान एवं वाणिज्य (प्रतिष्ठा) सत्र 2023–27 (सी0बी0सी0एस0) में नामांकन हेतु प्रकाशित प्रथम चयन सूची से नामांकन संबंधित दिशा–निर्देश।**

महाशय,

उपर्युक्त विषय के संबंध में सूचित करना है कि चार वर्षीय स्नातक प्रथम सेमेस्टर कला, विज्ञान एवं वाणिज्य (प्रतिष्ठा) सत्र– 2023–27 सी0बी0सी0एस0 के तहत नामांकन हेतु चयन सूची विश्वविद्यालय के बेवसाईट www.lnmu.ac.in पर जारी कर दी गयी है। अभ्यर्थियों द्वारा ऑनलाईन आवेदन में भरे गये महाविद्यालय–वरीयता तथा अन्तर–स्नातक के प्राप्तांक के आधार पर मेधा एवं राज्य सरकार के आरक्षण नियमावली के अनुसार चयन किया गया है। अनुरोध है कि चयन सूची के आधार पर ***दिनांक– 03.07.2023 से 06.07.2023 तक*** तथा प्रतीक्षा सूची से ***दिनांक– 08.07.2023 से 10.07.2023 तक*** आवंटित महाविद्यालय में छात्र–छात्राओं का नामांकन लिया जाय। नामांकन में निम्न बिन्दुओं पर विशेष रूप से ध्यान दिये जाने की आवश्यकता हैः–

1. छात्र/छात्रा अपना सेलेक्शन लेटर (Selection letter) आवेदन आई–डी (Application I.D) एवं जन्म तिथि (Date of Birth)/पासवर्ड (Password) के द्वारा लॉग–इन (login) कर अपना सेलेक्शन लेटर डाउनलोड कर सकते हैं।
2. यह चयन सूची आवेदकों द्वारा आवेदन में भरे गये तथ्यों के आधार पर तैयार की गयी है। अतएव प्रधानाचार्य आवेदकों द्वारा आवेदन प्रपत्र में भरे गये तथ्यों की जाँच कर एवं सभी प्रकार से सही पाये जाने की स्थिति में ही नामांकन सुनिश्चित करेंगे।
3. आरक्षण कोटि में कोई भी परिवर्तन महाविद्यालय या विश्वविद्यालय द्वारा नहीं किया जायेगा। यदि छात्र/छात्रा आरक्षरण कोटि के अधीन नामांकन हेतु आवेदन किये हैं, तो ऐसे छात्र/छात्राओं के आरक्षण कोटि के प्रमाण–पत्रों की जाँच कर नामांकन लेंगे। छात्र/छात्राओं द्वारा ऑनलाईन आवेदन में भरे गये आरक्षण कोटि के आधार पर प्रमाण–पत्र प्रस्तुत नहीं करने पर ऐसे छात्र/छात्राओं का नामांकन नहीं लेगे। अगर नामांकन लेते है तो उसकी सारी जवाबदेही संबंधित प्रधानाचार्य की होगी।
4. ऑनलाईन आवेदन प्रपत्र में भरी गई सूचना जैसे अंतर स्नातक के प्राप्तांक, कैटेगरी आदि का मिलान कर ही नामांकन सुनिश्चित करेगें। ***यदि किसी छात्र/छात्राओं ने आवेदन प्रपत्र में ज्यादा अंक भर कर आवेदन किया हो तो संबंधित महाविद्यालय के Cut-off Marks से ज्यादा होने पर ही महाविद्यालय द्वारा नामांकन लिया जायेगा। Cut-off से***



02/07/2023

AnyScanner

*कम Marks होने पर महाविद्यालय किसी भी हालत में ऐसे छात्र/छात्राओं का नामांकन नहीं लेंगे, ऐसे छात्र/छात्राओं का चयन रद्द समझा जायेगा।*

5. महाविद्यालय स्तर से अभ्यर्थियों का किसी भी परिस्थिति में ***कैटेगरी*** (Category) *एवं मेजर* (Major) विषय का परिवर्तन नहीं करेंगे।
6. विश्वविद्यालय द्वारा निर्गत डैस–बोर्ड पर प्रत्येक दिन नामांकित छात्र/छात्राओं का Admission Update अनिवार्य रूप से करेंगे। Admission Updation के उपरान्त नामांकित छात्रों को स्वतः विश्वविद्यालय क्रमांक जारी हो जायेगा जो पंजीयन संख्या एवं विश्वविद्यालय स्तरीय सभी परीक्षा का क्रमांक होगा।
7. आवेदक यदि ऑनलाईन आवेदन में ऐसे Minor (माईनर) विषय भरे है जो आपके महाविद्यालय में पढ़ाई नहीं होती है तो प्रधानाचार्य अपने स्तर से विषय परिवर्तन कर देंगे, इसी अनुरूप अपडेट करेंगे।
8. कॉमन अप्लीकेशन फॉर्म (CAF) भरते समय यदि छात्र/छात्रओं द्वारा स्वयं के नाम, माता का नाम/पिता का नाम या जन्म तिथि में कोई Minor Mistake होता है तो उसके सुधार के लिये भी एक मौका नामांकन के समय दिया जायेगा, छात्रों से आवेदन प्राप्त कर आवश्यक सुधार करेंगे। महाविद्यालय द्वारा त्रुटि को सुधार करते हुए डैस–बोर्ड पर अपडेट किया जायेगा, इस संबंध में कोई भी संशोधन Matriculation के Marks Sheet या Certificate के आधार पर ही सुधार किया जायेगा। इन परिविष्टियों में पूर्ण परिर्वतन किसी भी हालत में नहीं किया जायेगा।
9. विश्वविद्यालय द्वारा Registration Slip जारी होने से पूर्व यदि कोई छात्र अपना नामांकन रद्द कराते हैं तो संबंधित प्रधानाचार्य अपने स्तर से उस नामांकन को Cancel करते हुए सभी मूल आलेख आवेदको को वापस करेंगे, लेकिन Registration (पंजीयन) होने के बाद यदि कोई छात्र पढ़ाई छोड़ना चाहते हैं तो संबंधित प्रधानाचार्य Transfer Certificate निर्गत करते हुये, ऐसे छात्रों की एक समेकित सूची बनाकर परीक्षा नियंत्रक को समर्पित करेंगे। ताकि ऐसे छात्र/छात्राओं परीक्षा प्रपत्र नहीं भर सके।
10. छात्र/छात्राओं को अलग से नामांकन–फॉर्म वितरण करने की आवश्यकता नहीं है। सभी अंगीभूत तथा संबद्ध महाविद्यालय नामांकन फॉर्म तथा Prospectus आदि के लिये कोई शुल्क अलग से छात्रों से नहीं लेंगे।
11. चार वर्षीय स्नातक प्रथम सेमेस्टर कला, विज्ञान एवं वाणिज्य सत्र– 2023–27 में नामांकित छात्र/छात्राओं का प्रेरण वर्ग (Induction Programme) आयोजित कर वर्गारंभ दिनांक– 11.07.2023 से करेंगे।
12. नामांकित छात्र/छात्राओं का Update प्रतिदिन सायं सात बजे तक विश्वविद्यालय द्वारा Provide किये गये Dash Board पर निश्चित रूप से कर दिया जाय।
13. परीक्षा संबंधी विनयमन के अनुसार छात्र/छात्राओं की 75 प्रतिशत उपस्थिति अनिवार्य है। अतः कम उपस्थिति वाले छात्र/छात्राओं की सूचनायें सभी प्रधानाचार्य ससमय परीक्षा नियंत्रक के दे देंगे।
14. नामांकन के समय निम्नांकित कागजात छात्र/छात्राओं से लिए जाएँ:–

   **क)** एडमिसन सेलेक्शन लेटर।

   **ख)** कॉमन एप्लिकेशन फॉर्म (सी० ऐ० एफ०)

   **ग)** महाविद्यालय/विद्यालय परित्याग प्रमाण–पत्र की मूल प्रति।



AnyScanner

घ) प्रवेश पत्र की छाया–प्रति।

ड़) अंक–पत्र की छाया–प्रति।

च) पासपोर्ट साईज अद्यतन फोटो की दो प्रतियाँ।

छ) जाति प्रमाण–पत्र / आय प्रमाण–पत्र आदि जहाँ लागू हो।

ज) आधार कार्ड की छाया–प्रति। (यदि हो)

झ) प्रव्रजन प्रमाण–पत्र (Migration Certificate) की मूल प्रति जहाँ लागू हो। (यदि हो)

उपरोक्त वर्णित कागजातों की जाँच करने के उपरान्त ही नामांकन लिया जाय।

*नोटः– जिन अभ्यर्थियों के नामांकन को महाविद्यालय द्वारा **Dash Board** पर ऑनलाईन के माध्यम से अंतिम रूप से **Update** नहीं किया जायेगा तो यह समझा जायेगा कि संबंधित छात्र नामांकन हेतु महाविद्यालयों में उपस्थित नहीं हुए। चयन सूची के आधार पर लिये गये नामांकन के उपरान्त कोटिवार बचे हुए रिक्त सीट पर विश्वविद्यालय द्वारा जारी प्रतीक्षा सूची में अंकित उसी कोटि से ही नामांकन लेंगे। चयन सूची से नामांकन के बाद रिक्त बचे सीटों की विषयवार एवं कोटिवार विश्वविद्यालय के बेवसाईट पर अपलोड कर दी जायेगी। प्रतिक्षा सूची में सम्मलित छात्र अपने महाविद्यालय चयन के आधार पर सीट की रिक्तियों के विरूद्ध अपना नामांकन ले सकते है। प्रधानाचार्य चार वर्षीय स्नातक **CBCS** आधारित **Ordinance and Regulation** एवं विषयवार पाठ्यक्रम (**Syllabus**) विश्वविद्यालय के बेवसाईट **www.lnmu.ac.in** पर उपलब्ध है जिसे डाउनलोड कर लेंगे।*

माननीय कुलपति महोदय के आदेश से।

विश्वासभाजन,

07/07/2025

अध्यक्ष, छात्र–कल्याण



AnyScanner